हिन्दुस्तान
बुधवार
17 दिसंबर 2025, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का



### डीआईजी अजय कुमार साहनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच का किया शुभारंभ, उत्तर-प्रदेश व बंगाल के बीच हुआ मुकाबला

# कोहरे से मैच प्रभावित, पहले दिन 17 ओवर का खेल

**कूच बिहार ट्रॉफी**

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 का आगाज हुआ। पहले दिन कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच 17 ओवरों का ही खेल हो पाया। मैच रोके जाने तक बंगाल की टीम ने तीन विकेट पर 89 रन बना लिए थे। इससे पहले मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया।



एसआरएमएस क्रिकेट मैदान में कूच बिहार ट्रॉफी मैच का हवा में गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ करते अतिथिगण।

मंगलवार को घना कोहरा होने के कारण मैच का टॉस दोपहर 2:40 बजे हुआ। रेफरी प्रकाश भट्ट, अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन के समक्ष यूपी के कप्तान भव्य गोयल ने टॉस जीतकर बंगाल की टीम को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। दृश्यता कम होने के कारण पहले दिन केवल 17 ओवर का ही खेल हुआ। इसमें बंगाल की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए। बंगाल के बल्लेबाजों ने शाम 4:27 बजे बैड लाइट की अपील की तो मैच रेफरी ने खेल रोका दिया। 35 मिनट बाद पहले दिन का मैच समाप्त की घोषणा की गई।

दोपहर बाद शुरू हुए मैच में बंगाल के खिलाड़ियों ने संभल कर खेलना आरंभ किया। लेकिन उत्तर प्रदेश के गेंदबाज यश पंवार ने 6.4 ओवर में आत्मजा मंडल को 10 रन के निजी स्कोर पर कैच आउट करवा बंगाल को पहला विकेट हासिल किया।

बंगाल के कप्तान चंद्रहास 27 रन के निजी स्कोर पर रवि सैनी की गेंद पर कैच आउट हो गए। 16.3 ओवर में 84 रन पर आशुतोष कुमार नौ रन के निजी स्कोर में रन आउट हो गए। शाम 04:27 बजे बंगाल के खिलाड़ी आदित्य राय 35 रन और अभिप्राय विश्वास चार रन ने बैड लाइट की अपील की। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने खेल रोका और कुछ देर के बाद शाम 4:51 बजे पहले दिन का मैच समाप्त की घोषणा की। अब मंगलवार को मैच के दूसरे दिन का खेल होगा।

**नये साल में डे-नाइट मैच के लिए तैयार हो जाएगा ग्राउंड :** एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने कूच बिहार ट्रॉफी के तीसरे मैच के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसआरएमएस स्टेडियम में डे नाइट मैच आयोजन की तैयारियां तेजी से हो रही हैं। नए वर्ष पर अगले महीने स्टेडियम डे नाइट मैच के आयोजन लिए तैयार हो जाएगा। इसके बाद क्रिकेट प्रेमी यहां डे नाइट मैच का आनंद ले सकेंगे। इस मौके पर ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. निर्मल यादव, आईएमए अध्यक्ष डॉ.अतुल, डॉ.प्रभाकर गुप्ता, बीसीए अध्यक्ष सरफराज वली खां, बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, ट्रेजरार शहजाद अली, ज्वाइंट सेक्रेटरी राहुल कपूर, चीफ क्यूरेटर शिव कुमार, क्यूरेटर युसुफ अंसारी आदि रहे।


मैच में बल्लेबाजी करती बंगाल व फील्डिंग करती यूपी की टीम।

### बीसीए सचिव को किया सम्मानित

मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति और आदित्य मूर्ति ने बरेली में क्रिकेट खिलाड़ियों को निखारने और क्रिकेट को बढ़ाने में योगदान के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।